मैं हर पल गाता जाऊं ओम नम शिवाय भजन लिरिक्स

ओम नम शिवाय,
ओम नम शिवाय,
मैं हर पल गाता जाऊं,
तेरी भक्ति में खो जाऊं,
सुबह शाम मैं नाम को तेरे,
भोले ध्याता जाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं।bd।

तेरे जैसा कोई नहीं है,
इस जग में हितकारी,
तेरी महिमा सबसे प्यारी,
गाए दुनिया सारी,
मैं नादान हूं दास तुम्हारा,
क्या महिमा मैं गाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं।bd।

देवों के तुम देव प्रभू जी,
तुम्हीं हो त्रिपुरारी,
करें आरती तेरी निशदिन,
हे भोले भंडारी,
दो वरदान प्रभू,
इस 'शिव' को,
गुण मैं तेरे गाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं।bd।

ओम नम शिवाय,
ओम नम शिवाय,
मैं हर पल गाता जाऊं,
तेरी भक्ति में खो जाऊं,
सुबह शाम मैं नाम को तेरे,
भोले ध्याता जाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं,
तेरी भक्ति मे खो जाऊं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लेखक / प्रेषक – शिवनारायण वर्मा।
7987402880
गायक – राजीव तोमर।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com